आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

जन्तु उद्यान और जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने आज लखनऊ में पेड़ बचाओ अभियान की शुरूआत की। तीन महीने तक चलने वाले इस अभियान में राज्य मंत्री ने आज लखनऊ में कुकरैल नदी के तट पर स्थित सौमित्र वन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगाये गये पौधों की सिंचाई की और उनके सुरक्षा के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान श्री सक्सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने कहा कि पेड़ बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश में लगाये गये पौधों की सुरक्षा की जायेगी, क्योंकि यह पेड़ मां के नाम पर लगाये गये हैं।

****

प्रदेश सरकार की ओर से अगले वर्ष प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारी जोर–शोर से की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश का पर्यटन विभाग लोगों को कुंभ की ओर आकर्षित करने के लिये प्रचार–प्रसार के विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। पर्यटन विभाग की ओरि से आज लखनऊ में कुंभ अभिनंदन रोड–शो का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ के जीपीओ पार्क से शुरू होने वाला यह रोड–शो सिकन्दरबाग चौराहा होते हुए गोमती तट पर सम्पन्न होगा।

उधर, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज महाकुंभ के लिये स्वास्थ्य विभाग की ओरि से की जा रही तैयारी की जानकारी लेने के लिये प्रयागराज पहुंचे। वहां उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नवम्बर के अन्त तक सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये।

****

भारत दौरे पर आये मालदीव के राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू, पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ आज आगरा पहुंचे। वहां उन्होंने ऐतिहासिक ताजमहल देखा। वहां उन्होंने ताज के इतिहास और उनकी नक्काशी के बारे में जानकारी ली और डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिचवाया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय मौजूद रहे। ताजमहल देखने के बाद डॉक्टर मोहम्मद विशेष विमान से मुंबई के लिये रवाना हो गये।

****

प्रदेश सरकार ने गोवंश को सड़क हादसों से बचाने के लिये उनके गले में रेडियम पट्टी लगाये जाने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव दुग्ध तथा पशुधन विकास के. रविन्द्र नायक ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के लिये परिपत्र जारी कर दिया है।

****

गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली बसें अब अयोध्या धाम के बाइपास से नहीं गुजरेंगी। बसों को अयोध्या धाम के बस स्टेशन भी जाना होगा। गोरखपुर के परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिये शासन की ओर से यह निर्देश प्राप्त हुआ है। इससे लोगों का अयोध्या धाम तक पहुंचना आसान हो जायेगा।

****

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज सभी देवी मंदिरों, शक्तिपीठों, पूजा पाण्डालों और घरों में मां भगवती के छठें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा हो रही है। पूजा–अर्चना के लिये प्रदेश के विभिन्न शक्ति पीठों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है। बलरामपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ में दर्शन–पूजन के लिये आसपास के जिलों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वाराणसी के भागेश्वरी देवी मंदिर में आज श्रद्धालुओं ने देवी कात्यायनी की विशेष आराधना की। महराजगंज जिले के लेहड़ा माता मंदिर, गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर और चौरीचौरा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक तरकुलहा माता मंदिर में आज सुबह से ही देवी भक्तों का तांता लगा हुआ है।

****

उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सम सेमेस्टर वार्षिक परीक्षा बैक पेपर और विशेष बैक पेपर का परिणाम घोषित कर दिया है। परिषद के सचिव अजित कुमार मिश्र ने बताया है कि जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं है, वह पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिये ग्याहर अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

****

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार उन्हें मखाना की खेती करने के लिये प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने मखाना की खेती के लिये किसानों को अनुदान देने की व्यवस्था की है। पूर्वांचल के चौदह जिलों में अनुदान पर मखाना की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गोरखपुर मण्डल के गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर जिलों में कुल तैंतीस हेक्टेयर मखाना की खेती करने का लक्ष्य दिया गया है। देवरिया जिले में बीते वर्ष से ही किसानों ने मखाना की खेती करनी शुरू कर दी है।

****

उन्नाव जिले की सतर्कता टीम ने वहां के जिला मलेरिया अधिकारी को आज अवकाश स्वीकृत करने के लिये दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ कर हिरासत में लिया। उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उधर, औरैया जिले में एन्टी करप्शन की टीम द्वारा रिश्वत लेने वाले एक लेखपाल की गिरफ्तारी की खबर भी है। लेखपाल को जमीन की पैमाइस के नाम पर रिश्वत लेते हुए एन्टी करप्शन टीम में पकड़ा है।

****